आएं हैं तेरे दर | by Indu Sharma

तेरे चढ़ के चढ़ाई आऊं रे भवन मैया आऊं रे भवन
कह दो धीरे चलो रे ओ पवन
बिजली कड कड कड डर पावे
मुझको तेरी याद सतावे
शेरावालिये ....ज्योतवालिये ....
आएं हैं तेरे दर, मा लेले तू खबर

तेरे दर आई मैया तुझको रिझाने को
रूठ ना जाना हमसे आये प्यार पाने को
पाँव में छाले पड़ जाएँ
फिर भी तेरे दर पे आएं
शेरावालिये ....ज्योतवालिये ....
आएं हैं तेरे दर, मा लेले तू खबर

सपने में आया तेरा शेर बार बार जी
कहता है मिलने आजा मैया पुकारती
तूने मुझमे आस जगाई
मैं तो दौड़ी दौड़ी आई
शेरावालिये ....ज्योतवालिये ....
आएं हैं तेरे दर, मा लेले तू खबर

बच्चो को लाइ मैया दर तेरे ठुकाने को
संग आया पूरा परिवार प्यार तेरा पाने को
दरस की ऐसी लगन लगा दे
हर साल आएं भागे भागे
शेरावालिये ....ज्योतवालिये ....
आएं हैं तेरे दर, मा लेले तू खबर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-by-indu-sharma/